आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 20.12.2024
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- दिल्ली पुलिस ने भारतीय जनता पार्टी की शिकायत पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की।
- मसूरी में सुव्यवस्थित यातायात के लिए शटल सर्विस और गोल्फ कार्ट की होगी शुरूआत।
- उत्तराखंड पुलिस बिना पंजीकरण के चल रहे अवैध मदरसों की जांच के लिए सत्यापन अभियान चलाएगी।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अनूठे संवाद कार्यक्रम परीक्षा पे चर्चा की आठवीं कडी अगले महीने आयोजित होगी।

प्राथमिकी दर्ज

दिल्ली पुलिस ने भारतीय जनता पार्टी की शिकायत पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। यह एफ.आई.आर. संसद भवन परिसर में कल विरोध–प्रदर्शन के दौरान धक्का–मुक्की में दो भाजपा सांसदों को चोट लगने के बाद दायर की गई। दिल्ली पुलिस ने कहा कि उसने प्राथमिकी से केवल भारतीय न्याय संहिता की धारा 109 हटा दी है, शेष सभी धाराएं वही हैं जो शिकायत में लगायी गयी हैं। भाजपा सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने सांसद बांसुरी स्वराज और हेमांग जोशी के साथ कल संसद भवन थाने में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ मामला दर्ज कराया।
वहीं, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सख्त निर्देश जारी किया है कि कोई भी राजनीतिक दल, सासंद या सांसद समूह संसद भवन के किसी भी गेट पर धरना –प्रदर्शन नहीं करेंगे। कल संसद भवन परिसर में विरोध–प्रदर्शन के दौरान कॉग्रेस और भाजपा सांसदों के बीच धक्का–मुक्की की घटना को देखते हुए यह निर्देश जारी किया गया है। इस घटना में दो सांसदों को चोट लगी थी, जिन्हें अस्पताल मे भर्ती करना पड़ा।

मसूरी एक्शन प्लान

मसूरी में यातायात की समस्या से निपटने के लिए पर्यावरणीय हितकारी शैली को अपनाया जाएगा। इसके साथ ही पर्यटकों के यात्रा अनुभव को भी और अधिक सुखद और आरामदायक बनाया जाएगा। मसूरी में यातायात व्यवस्था को सुविधाजनक और सुव्यवस्थित करने को लेकर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने सचिवालय में देहरादून जिला प्रशासन और पुलिस विभाग द्वारा तैयार कार्ययोजना की समीक्षा की।

कार्ययोजना के तहत शहर में पार्किंग की व्यवस्था पूरी हो जाने के बाद पर्यटकों को पार्किंग स्थलों से अपने गंतव्य स्थलों तक शटल सर्विस और गोल्फ कार्ट की सुविधा मिलेगी। वहीं, हाथीपांव पर पार्किंग की व्यवस्था पूरी होने के बाद इसका प्रारम्भिक रूट किनक्रेग से पिक्चर पैलेस और गांधी चौक रहेगा। पीक सीजन के दौरान यह शटल सर्विस विशेष रूप से संचालित की जाएगी। इसमें स्थानीय रिक्शा चालकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे स्थानीय आर्थिकी को मजबूती मिलेगी। हाथीपांव बैंड पर किनक्रेग और सैटेलाइट पार्किंग को चिह्नित किया गया है। यहां पर पुलिस बूथ, शटल बूथ, पार्किंग, लाइटिंग, सुरक्षा व जन सुविधाओं का विकास किया जाएगा। मसूरी में यातायात की भीड़भाड़ की समस्या को दूर करने के लिए शहर के बाहरी इलाकों में 28 सैटेलाइट पार्किंग स्थानों की पहचान की गई है, जो सड़क के किनारे रणनीतिक रूप से स्थित हैं। इन स्थानों पर, पर्यटक अपने वाहन पार्क करेंगे और मसूरी में आगे की यात्रा के लिए शटल सेवाओं का उपयोग करेंगे।

फुटबॉल मुकाबले

हल्द्वानी के स्पोर्ट्स स्टेडियम में 38वें राष्ट्रीय खेलों के महिला फुटबॉल मुकाबले खेले जाएंगे। वहीं इस मैदान को फुटबॉल की महिला खिलाड़ियों के लिए अभ्यास सत्र मैदान के रूप में भी इस्तेमाल किया जाएगा। अभ्यास के लिए दो अतिरिक्त मैदान, रामपुर रोड स्थित एक निजी स्कूल और गौलापार स्थित एक क्रिकेट अकादमी को चिन्हित किया गया है। उप क्रीड़ा अधिकारी वरूण बेलवाल ने आकाशवाणी को यह जानकारी दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार फुटबॉल में पुरुष और महिला वर्ग में आठ–आठ टीमें भाग लेंगी। इन मैचों का आयोजन 10 दिनों तक चलेगा, और प्रतिदिन चार मैच खेले जाएंगे।

स्वच्छता

बागेश्वर के जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने जिले में गंगा को स्वच्छ रखने के लिए सहायक नदियों की सफाई पर जोर दिया है। जिला गंगा समिति की बैठक में उन्होंने नगर निकायों और अन्य संबंधित विभागों को गंगा की सफाई के लिए कारगर कदम उठाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही, जन जागरुकता बढ़ाने पर भी जोर दिया गया। जिलाधिकारी ने नगर पालिका और नगर पंचायतों को सार्वजनिक शौचालयों का उचित रख–रखाव और स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाने को कहा। उन्होंने कूड़ा एकत्रण के लिए डोर–टू–डोर सेवा की समय सारणी बनाने और स्वच्छता अभियान को बढ़ावा पर भी विशेष जोर दिया।

प्रशिक्षण

हरिद्वार के बहादराबाद ब्लॉक के श्यामपुर कांगड़ी गांव में 14 दिवसीय जूट उत्पाद आधारित बेसिक प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हुआ। इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को जुट उत्पाद निर्माण की तकनीकी जानकारी प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है।

जिला परियोजना प्रबंधक ने महिलाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि ग्रामोत्थान परियोजना उनके साथ खड़ी है और उनके उत्पादों को बाजार में प्रतिस्पर्धी बनाने पर ध्यान दिया जाएगा। महिलाओं को आर्थिक सशक्तिकरण के लिए वित्तीय सहायता और मार्केटिंग सुविधाएं भी दी जाएंगी।

अपंजीकृत मदरसों की जांच

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य में बिना पंजीकरण के चल रहे अवैध मदरसों की गहनता से जांच करने के निर्देश दिए हैं। पुलिस महानिरीक्षक नीलेश आनंद भरणे ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर मदरसों के दस्तावेजों की जांच के लिए पुलिस सत्यापन अभियान शुरू करने जा रही है और इसकी रिपोर्ट एक महीने के भीतर प्रस्तुत की जाएगी।

परीक्षा पे चर्चा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अनूठे संवाद कार्यक्रम परीक्षा पे चर्चा की आठवीं कडी अगले महीने आयोजित होगी। कार्यक्रम के लिए माई जीओवी पोर्टल पर 14 जनवरी तक पंजीकरण कराया जा सकता है। पंजीकरण के दौरान विद्यार्थी अपनी पसंद के प्रश्न, जो वे प्रधानमंत्री से पूछना चाहते हैं, जमा करा सकते हैं, लेकिन ये प्रश्न परीक्षा के तनाव, करियर और जीवन में भावी आकांक्षाओं के बारे में होने चाहिये। इससे पहले, कार्यक्रम के 7वें संस्करण में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था कि परीक्षा पे चर्चा के माध्यम से उन्हें बच्चों से बात करने का एक अवसर मिलता है।

मुलाकात

ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान से नई दिल्ली में मुलाकात की। इस दौरान, उन्होंने पीएमजीएसवाई–3 के तहत 600 किलोमीटर मार्गों और 10 सेतुओं के सुधारीकरण की मांग की। श्री जोशी ने राज्य की विषम भौगोलिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए पीएमजीएसवाई–4 के तहत असंयोजित बसावटों के संयोजन के लिए मोटर मार्गों की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट बनाने की भी अपील की। केंद्रीय मंत्री ने सकारात्मक आश्वासन देते हुए सभी मुद्दों पर शीघ्र कार्यवाही का भरोसा दिलाया।

समीक्षा

कैबिनेट मंत्री और बागेश्वर के प्रभारी मंत्री सौरभ बहुगुणा ने जिले के विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि चालू वित्तीय वर्ष में निर्गत धनराशि का समय पर उपयोग सुनिश्चित करें। स्वास्थ्य विभाग के कार्यों में धीमी प्रगति पर श्री बहुगुणा ने मुख्य चिकित्साधिकारी को सख्त चेतावनी दी और कार्यों की रफ्तार बढ़ाने को कहा। इसके अलावा, प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों को प्रशासन गांव की ओर अभियान को सफल बनाने के निर्देश दिए और विकास कार्यों की निगरानी और गुणवत्ता पर ध्यान देने को कहा।

<u>सजा</u>

रुद्रप्रयाग में बीएड की फर्जी डिग्री से शिक्षक बने तीन लोगों को अदालत ने पांच वर्ष की सजा सुनाई है। ये तीन शिक्षक 2005 से 2009 के बीच फर्जी डिग्री से शिक्षा विभाग में नियुक्त हुए थे। 2017–18 में इनकी डिग्रियां फर्जी पाए जाने पर विभाग ने उन्हें निलंबित कर बर्खास्त कर दिया था। पुलिस जांच के बाद, अब इन शिक्षकों को पांच साल की सजा और जुर्माना लगाया गया है। यह मामला बीएड की फर्जी डिग्री के मामले में रुद्रप्रयाग जिले का 15वां मामला ळें